राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–181/2024

राज्यपाल से साईकिल से भारत भ्रमण कर रहे मिजोरम के श्री वानलाल्लावमुजाला वार्टे ने मुलाकात की

पटना, 05 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से साईकिल से भारत भ्रमण कर रहे मिजोरम के श्री वानलाल्लावमुजाला वार्टे ने राजभवन में मुलाकात की। श्री वार्टे ने स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन के लिए साईक्लिंग को बढ़ावा देने हेतु जन–जागरूकता के निमित्त 25 जनवरी, 2024 को आइजोल से यात्रा की शुरूआत की है और वे साईकिल से 14,169 किलोमीटर की दूरी तय कर 26 राज्यों के भ्रमण के पश्चात् बिहार पहुँचे हैं।

राज्यपाल ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु श्री वार्टे के इस साहसिक मिशन की सराहना की तथा उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा श्री वार्टे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

श्री वार्टे अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों की राजधानी के विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में तथा साईकिल रैली एवं प्रेस वार्ता के द्वारा स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन के लिए साईक्लिंग की जरूरत के बारे में लोगों को जागरूक करते हैं। आज बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना में भी उनका औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्री वानलाल्लावमुजाला वार्टे का साईकिल यात्रा से भारत भ्रमण का यह कार्यक्रम मिजोरम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रायोजित किया गया है।

....